C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 7:15 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 196 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 27 जनवरी 2026

हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र...पेज-4 पर

## News कॉर्नर

### श्री मां नयना देवी मंदिर नैनीताल में विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन

**नैनीताल** । श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर में रविवार को विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संखया में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में वीकेंड के चलते सुबह से ही भारी संखया में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली और पर्यटकों ने भी मां के दर्शन के साथ ही अपराह्न एक बजे से खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह समेत प्रदीप साह, किशन सिंह नेगी, सुरेश चंद्र मेलकानी, बसंत जोशी, कमल जोशी, बसंत पांडे, भगवान सिंह, राजेंद्र बृजवासी, जीवन तिवारी तथा स्वाति साह समेत अन्य लोग रहे।

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कई लोगों को जोड़ा पौधरोपण से

**नैनीताल** । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 559वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 559वें दिन डीडीहाट के राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में जिला खेल विभाग द्वारा प्रायोजित सद्भावना क्रॉस कंट्री मैराथन में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई, साथ ही बलाक समन्वयक माध्यमिक किशोर शाह के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में थाना डीडीहाट के कोतवाल संजय जोशी,प्रदीप मिश्रा, राजेंद्र सिंह चूफ ाल, संजय पंत, प्रमोद डिगारी, नंदन सिंह चूफ ाल, विक्रम बिष्ट,अशोक खड़ायत, शेखर कफ लिया, नवीन कफ लिया,सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल,बलवंत सिंह रावल, महेश चूफाल उपस्थित रहे।

ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने से कड़ाके की ठंड

# केदारनाथ धाम सहित ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी

देहरादून

हमारे संवाददाता

केदारनाथ धाम में देर रात्रि से चारों तरफ पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी हो रही है। ज्योर्तिमठ क्षेत्र में भी मौसम बदला हुआ है। ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली। आसमान बादलों से ढक गया और ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने लगी। रूपकुंड, नंदा घुघुटी और त्रिशूल में लगातार बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग ने आज 27 जनवरी को देहरादून में मौसम के गंभीर होने की आशंका जताई है। जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट के अनुसार, क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है।

यह आदेश केवल देहरादून जिले के लिए लागू है और अन्य जिलों में स्कूलों के संचालन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को घर पर ही सुरक्षित रखें और मौसम विभाग की



भविष्य की चेतावनियों पर ध्यान दें। देहरादून में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी के मद्देनजर, जिले में 27 जनवरी को कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो गरज-चमक के साथ बारिश और बर्फबारी की संभावना को दर्शाता है। यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी संभावित अनहोनी से बचने के उद्देश्य से लिया गया है। मौसम विभाग ने 27 जनवरी को देहरादून में मौसम के गंभीर होने की आशंका जताई है। जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट के अनुसार, क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश केवल देहरादून जिले के लिए लागू है और अन्य जिलों में स्कूलों के संचालन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को घर पर ही सुरक्षित रखें और मौसम विभाग की भविष्य की चेतावनियों पर ध्यान दें।

# राष्ट्रीय पर्व पर भी नहीं थमी अवैध शराब तस्करी, आबकारी व प्रशासनिक अधिकारी कटघरे में

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गणतंत्र दिवस जैसे पवित्र राष्ट्रीय पर्व पर, जब पूरे जनपद में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध था, तब हल्द्वानी में शराब माफिया खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आए। तिकोनिया क्षेत्र स्थित वाइन शॉप के सामने से शराब की अवैध तस्करी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आबकारी विभाग और पुलिस की कार्यशैली पूरी तरह कटघरे में आ गई है। 26 जनवरी की रात, जब वाइन शॉप पर ताले लटके होने चाहिए थे, उसी दौरान दुकान के सामने से शराब की खेप बेधड़क इधर-उधर पहुंचाई जाती रही। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रतिबंध सिर्फ कागजों तक सीमित था, जबकि जमीनी हकीकत में शराब माफिया पूरी छूट के साथ सक्रिय थे।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आबकारी विभाग और पुलिस आखिर कहां थी ? स्थानीय लोगों का कहना है कि तिकोनिया ही नहीं, बल्कि सुभाष नगर, आवास विकास और राजपुरा जैसे इलाकों में अवैध शराब तस्करी लंबे समय से धड़ल्ले से चल रही है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि जब राष्ट्रीय पर्व के दिन भी शराब की तस्करी रोकी नहीं जा सकी, तो यह साफ संकेत है कि तस्करों को विभागीय संरक्षण प्राप्त है। बिना मिलीभगत के इतनी निर्भीकता से शराब की सप्लाई संभव नहीं हो सकती। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रशासन की साख दांव पर लग गई है। सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग और पुलिस इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करेंगे, या फिर यह मामला भी पहले की तरह फाइलों में दबाकर शराब माफियाओं को खुली छूट दे दी जाएगी ? क्या कानून सबके लिए बराबर है, या शराब माफिया कानून से ऊपर हैं।

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी** । बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी की सायं लगभग 7-12 बजे थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करते हुए गश्त पर थी। इसी दौरान स्लॉटर हाउस, गोला बाईपास रोड के पास एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और अंदर की ओर जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

# वीकेंड के चलते पर्यटकों की भारी आमद, यातायात प्रभावित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

बीते दिनों हुई बर्फबारी और वीकेंड के चलते पर्यटकों की भारी आमद ने यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर से हल्द्वानी और मैदानी क्षेत्रों की ओर जाने वाले यात्रियों को तल्लीताल बस स्टेशन पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों की कमी के कारण यात्रियों को कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है. बस में सीट पाने की होड़ में यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी का माहौल देखा गया. टिकट काउंटर पर भी लंबी कतारें लगी रहीं, जहां लोगों को घंटों लाइन में लगने के बाद टिकट मिल पा रहा है। टिकट मिलने के बाद भी यात्रियों को बस में जगह की गारंटी नहीं मिल रही, क्योंकि बसें पहले से ही खचाखच भरी पहुंच रही हैं।

यात्रियों ने बताया कई घंटे से टिकट के लिए कतार में लगी हुई है टिकट के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पिछले 1 घंटे से टिकट के इंतजार में खड़ी है, प्रशासन को इस पर व्यवस्था करनी चाहिए। पिछले 1 घंटे से लाइन पर लगे हुए हैं टिकट के लिए। जैसे ही टिकट लेने के लिए टिकट काउंटर पर गए काउंटर द्वारा उन्हें गुमराह किया गया,जिससे यात्रियों में काफी आक्रोश है।

# भोजन माताओं का सांकेतिक धरना प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रगतिशील भोजनमाता संगठन उत्तराखण्ड नैनीताल इकाई ने सोमवार को मल्लीताल आर्य समाज पार्क में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान तुलसी देवी ने बताया भोजन माताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही है सरकार हमारी मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। भोजनमाताएं 20 - 21 सालों से सरकारी व अर्ध सरकारी विद्यालय में भोजन बनाने का काम कर रही। कहा की उत्तराखंड सरकार ने भोजन माता शब्द तो दिया और माता शब्द के सम्मान के नाम पर उत्तराखंड सरकार शोषण उत्पीड़न कर रही है।




भोजनमाताओ की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पी एफ ई एसआई पेंशन, आकस्मिक अवकाश, प्रस्तुति अवकाश, भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए, निकली गई भजन माता को पुनः वापस लिया जाए इत्यादि। कहा की यदि माँग पूरी नहीं हुई तो 02 फरवरी को सभी भोजनमाताएं तल्लीताल डांठ में धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान ममता,चंपा देवी, सबीना, हेमा रौतेला, अनीता देवी, दीपा नेगी, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहें।

# भीमताल में खुले फायर स्टेशन

भीमताल

हमारे संवाददाता

जिले का भीमताल कुमाऊं द्वार पर स्थित होने के साथ-साथ एक बड़े नैर्सिंग भू भाग एवं पर्यटन क्षेत्र के साथ जुड़ा हुआ है, पिछले दो दशक से क्षेत्रवासी लगातार भीमताल में फ ायर स्टेशन की माँग के लिए संघर्ष कर रहे हैंलेकिन मामले में कोई कामयाबी नहीं मिल पायी है।

सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि अगर भीमताल शहर व उसके आस.पास के दर्जनों पर्यटन स्थलों पर आग लगने जैसी कोई घटना.घटित होती है तो उस पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस इंतजाम नहीं है, आग जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए स्थानीय प्रशासन को 22 किमी. दूर नैनीताल या फि र 300 किमी. दूर हल्द्वानी के फ ायर स्टेशन पर निर्भर हैं। कहा कि ऐसे में जब तक प्रशासन आग पर काबू पाता है तब तक बहुमूल्य संपति खाक हो जाती है। बृजवासी ने बताया कि यहाँ भीमताल में जिले के विकास भवन सहित कई अन्य संस्थानए होटल, कॉलेज और आस.पास एक बड़े नैर्सिंग भू भाग से छाए जंगल व कई पर्यटन स्थल है साथ ही दिनों दिन भीमताल नगर की आबादी भी लगातार बढ़ रही है लेकिन फ ायर स्टेशन आज तक भीमताल में न बन सका है। कहा कि अधिकतर आग को काबू करने के लिए भीमताल को दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है जबकि भीमताल कुमाऊं का पर्यटन द्वार है। कहा कि पूर्व में स्वयं शासन-प्रशासन से कई बार माँग की जा चुकी है निम्न स्तर से लेकर शासन स्तर तक के शासन.प्रशासन दोनों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में भलीभाँति अवगत कराया जा चुका है फिर भी न जाने कयों इस ओर शासन-प्रशासन संवेदनशील बना पड़ा है अब तक इस ओर पहल तक नहीं हुई।

# इयरफोन बना मौत का फंदा, युवक की ट्रेन से कटकर मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कान में इयरफोन लगाकर गानों की धुन में खो जाना एक युवक को जिंदगी से हाथ धोने पर मजबूर कर गया। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां रेलवे ट्रैक पर बैठे युवक को तेज रफ्तार ट्रेन ने रौंद डाला। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हाथीखाल निवासी 25 वर्षीय विकास रविवार देर शाम बाइक लेकर घर से निकला था। तीन पानी फ्लाईओवर के पास उसने सड़क किनारे बाइक खड़ी की और बेखौफ होकर रेलवे ट्रैक पर बैठ गया। कानों में इयरफोन लगाए विकास को अंदाजा भी नहीं था कि मौत उसकी ओर तेजी



से बढ़ रही है। रात करीब 9 बजे हल्द्वानी से दिल्ली जा रही ट्रेन वहां से गुजरी, लेकिन कानों में इयरफोन होने के कारण युवक को न ट्रेन की आवाज सुनाई दी, न खतरे का आभास हुआ। पल भर में ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि विकास सात भाई-बहनों

**घटना**

- रेलवे ट्रैक पर लापरवाही की खौफनाक कीमत

में तीसरे नंबर पर था। परिजनों के अनुसार, करीब ढाई महीने पहले विकास का बाइक से एक्सीडेंट हुआ था, लेकिन वह अब पूरी तरह सामान्य हो चुका था। कोतवाली प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

यह हादसा एक बार फिर चेतावनी है कि रेलवे ट्रैक जैसे खतरनाक स्थानों पर जरा-सी लापरवाही और इयरफोन का इस्तेमाल जानलेवा साबित हो सकता है।


उत्तराखण्ड शासन
संकल्प से शिखर तक
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
26 जनवरी
"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
संकल्प नये उत्तराखण्ड का
स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक
सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान।
राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू। सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत
विकास के नये अध्याय
की ओर अग्रसर
देवभूमि
उत्तराखण्ड

(Export Preparedness Index – EPI) 2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त।

- बीते 4 वर्षों में 26,500 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मिली मंजूरी। प्रदेश में संचालित मदरसों को अब उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से लेनी होगी मान्यता।
- राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि हुई अतिक्रमण से मुक्त।
- राज्य के इतिहास में पहली बार 1 लाख करोड़ से अधिक का बजट।
- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹ 3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। इस वर्ष तक ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा जारी States' Startup Ecosystem Ranking (5वां संस्करण) में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में 'लीडर' के रूप में मिली मान्यता
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- राज्य में सशक्त भू कानून हुआ लागू।
- राज्य में सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में कुल 58 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड किए गए वितरित।
- उद्यम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटलाइट आरक्षण सुनिश्चित।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को ₹ 10 लाख से बढ़ाकर किया ₹50 लाख। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि ₹50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पौराणिक मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य जारी।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- दिल्ली देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा।
- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखंड को मिला देश में प्रथम स्थान।
- छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि की हुई शुरुवात।
- खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन, देश में हासिल किया दूसरा स्थान , केंद्र सरकार ने जारी की ₹200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि।
- उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया सफल आयोजन, कुल 103 पदक जीतकर, पदक तालिका में 7वां स्थान किया हासिल।
- राज्य के स्कूलों में बच्चों के पाठ्यचर्या में शामिल होगा श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 मंजूरी


वोकल फॉर लोकल


आदि कैलाश


हस्तशिल्प


वंदे भारत


वेडिंग डेस्टिनेशन


वाइब्रेंट विलेज

## प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह

**स्थानीय लोगों से:**

बोली भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव,तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:**

सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

@DIPR_UK #ExploreUttarakhand

# ध्वजारोहण: कांग्रेस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम, हल्द्वानी में नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य एवं विधायक श्री सुमित हृदयेश ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर महानगर एवं जिला कांग्रेस परिवार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान के मूल मूल्यों—न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे—की निरंतर याद दिलाता है। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट एवं जिलाध्यक्ष श्री राहुल छिमवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्षरत है। आज के दिन हम यह संकल्प लेते हैं कि आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाते रहेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष द्वारा उपस्थित कांग्रेसजनों को मिष्ठान वितरण कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।



## प्रेस क्लब हल्द्वानी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवार व मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी ने ध्वजा रोहण किया और राष्ट्रगान के साथ सभी को शुभकामनायें दी। वन्देमातरम और भारत माता की जय के नारों के साथ पुरा माहौल देशभक्ति मय हों उठा। सभी को मिष्ठान वितरण कर खुशियाँ मनाई गयीं। इस मौके पर संरक्षक भगवान सिंह गंगोला,कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल, अजय चौहान, गोपाल जोशी, सुशील शर्मा, अनुराग वर्मा, हसनैन भाई, प्रवीण चोपडा, अनुपम गुप्ता, मनोज पांडेय, कैडी भाई, बाबा,देव कृष्ण कोठारी, नीरु भल्ला, जया जोशी, तारा टकवाल, किरन हसनैन आदि मौजूद रहे।



## सेंट लॉरेंस स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट लॉरेंस स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता जोशी, उप-प्रधानाचार्या अंजू पाठक तथा समन्वयक संजय सुयाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को तिरंगे गुब्बारों एवं रंग-बिरंगी सजावट से भव्य रूप प्रदान किया गया था। इसके उपरांत जे. एन. जोशी मेमोरियल हॉल में विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य तथा प्रेरक भाषण शामिल थे। विद्यार्थियों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया और वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य महोदया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए ही हम राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत










कार्यालय- मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल
विकास भवन- भीमताल
Telefax-05942-247266, E-mail:Horti.nainital@gmail.com
पत्रांक- 3714/प्रकाशन/2025-26
दिनांक- 21.01.2026

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विभाग द्वारा संचालित योजनाएं

1. जिला योजना:-
1- कीवी फल पौध रोपण-योजनान्तर्गत 70 प्रतिशत रा0 स0 पर कीवी उद्यान स्थापना।
2-मशरूम उत्पादन की योजना-80 प्रतिशत रा0स0 पर पास्चुराइड मशरूम कम्पोस्ट वितरण।
3- मौन पालन की योजना 80 प्रतिशत रा0स0 पर मौनग्रह एवं मौनवंश वितरण।
4-80 प्रतिशत राज सहायता पर ड्रैगन फ्रूट उद्यान स्थापना तथा 80 प्रतिशत सहायता पर ब्लू बेरी , पौंध क्रय कर उद्यान स्थापना करना।
5-फलपौध सब्जी/आलू व अन्य निवेशों के परिवहन पर शत प्रतिशत रा0स0।
6- अनुसूचित जाति के कृषकों को 50 प्रतिशत रा0स0 पर आलू बीज वितरण।
7- औद्यानिक फसलों को कीट/व्याधिनाशक से बचाव हेतु कीट/व्याधिनाशक रसायन पर 50: राज सहायता।

2. राज्य सैक्टर:-
1- मिशन एप्पल- 60 प्रतिशत राज सहायता पर सेब सघन बागवानी।
2-वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण- 75 प्रतिशत राज सहायता पर वर्मीकम्पोस्ट यूनिट निर्माण।
3-उद्यानों की घेरबाड़-50 प्रतिशत राज सहायता पर पुराने उद्यानों की घेरबाड़।
4-उत्तर फसल प्रबन्धन- 50 प्रतिशत राज सहायता पर कोररोगेटेड बॉक्स वितरण।
5-मुख्यमंत्री बागवानी विकास योजना- 50 प्रतिशत राज सहायता पर औद्यानिक निवेश वितरण।
6-पॉलीथीन बदलाव की योजना- 50 प्रतिशत राज सहायता पर 5 वर्ष से अधिक पुराने पॉलीहाउसों की पॉलीथीन बदलाव योजना।
7-नाबार्ड योजना- 80 प्रतिशत राज सहायता पर पॉलीहाउस निर्माण।
8-ब्डत्झटल योजना में 70 प्रतिशत राज सहायता पर कीवी उद्यान स्थापना।
9-ब्डत्झटल योजना में 80 प्रतिशत राज सहायता पर ड्रैगन फ्रूट उद्यान स्थापना।

3. केन्द्र पोषित योजना:-
1-फल क्षेत्रविस्तार- 50 प्रतिशत राज सहायता पर उद्यान स्थापना।
2- सब्जी क्षेत्र विस्तार- 50 प्रतिशत राज सहायता पर सब्जी क्षेत्र विस्तार।
3- मसाला एवं पुष्प क्षेत्रविस्तार- 50 प्रतिशत राज सहायता पर मसाला एवं पुष्प क्षेत्र विस्तार।
4- जीर्णोद्धार-50 प्रतिशत राज सहायता पर पुराने उद्यानों की जीर्णोद्धार।
5-ट्यूबवैल निर्माण-50 प्रतिशत राज सहायता पर ट्यूबवैल निर्माण कार्य।
6-एन्टीहैलनेट-50 प्रतिशत राज सहायता पर एंटीहैलनेट वितरण।
7-मशीनीकरण-50 प्रतिशत राज सहायता पावर ऑपरेटेड उपकरण वितरण।
8-सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली-55 प्रतिशत राज सहायता पर कृषकों के प्रक्षेप में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना।
9-पैक हाउस निर्माण पर 50 प्रतिशत राज सहायता।

मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल
मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल
जिलाधिकारी नैनीताल

